राजस्थान सरकार
ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग
(अनुभाग–3, महात्मा गांधी नरेगा)

क्रमांक एफ.40(54) ग्रा.वि./नरेगा/अपूर्ण कार्य/2013 जयपुर, दिनांक 16 MAY 2014

जिला कार्यक्रम समन्वयक, ईजीएस
एवं जिला कलेक्टर
समस्त राज0।

विषय :– महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत श्रमिकों के नियोजन की प्राथमिकता बाबत।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि भारत सरकार द्वारा कार्यों की पूर्णता दर बढाने हेतु जोर दिया जा रहा है। वर्तमान में महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत सभी जिलों में पर्याप्त संख्या में श्रमिक नियोजित हो रहे है। अतः मई से जुलाई, 2014 तक कृपया श्रमिकों को निम्न प्राथमिकता के अनुसार कार्यों पर नियोजित करावें:–

1. ऐसे अधूरे कार्य, जिनमें कुछ ही कार्य बाकी है अथवा स्वीकृत राशि में से बहुत कम राशि बकाया है।
2. व्यक्तिगत लाभार्थी के अधूरे कार्य।
3. वृक्षारोपण की पूर्व तैयारी के कार्य।
4. तालाबों में पानी की आवक बढाने के कार्य।
5. अन्य कार्य।

कृपया उक्त प्राथमिकता अनुसार श्रमिकों का नियोजन कार्यों पर कराने का श्रम करें।

भवदीय,

15/5/14

(राजीव सिंह ठाकुर)
शासन सचिव, ग्रामीण विकास

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. अति0 जिला कार्यक्रम समन्वयक, ईजीएस एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद् समस्त राज0।
2. अधिशाषी अभियन्ता, ईजीएस, समस्त राज0।
3. विकास अधिकारी, पंचायत समिति, समस्त राज0।

परि0 निदे0 एवं पदेन उपसचिव, ईजीएस